<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पूरी दुनिया में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में देश का नेतृत्व किया। कहा– आधुनिक रिसर्च से सशक्त किया जा रहा है योग का विज्ञान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में लिया हिस्सा। कहा स्वस्थ काया के साथ–साथ स्वस्थ मस्तिष्क का भी माध्यम है योग।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सिवान से गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत ट्रेन और बिहार तथा उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली वैशाली–देवरिया रेललाइन परियोजना की दी सौगात। कहा– भगवान बुद्ध की तपोभूमि को उनके महापरिनिर्वाण स्थल से जोड़ेगी वंदे भारत ट्रेन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का किया उद्घाटन।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश ही नहीं, दुनिया भर में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में समुद्र तट पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में देश का नेतृत्व किया। वहां उन्होंने योगाभ्यास कर योग को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए भारत योग के विज्ञान को आधुनिक रिसर्च से और अधिक सशक्त कर रहा है।

***साथियों, विश्व में योग के प्रसार के लिए भारत योग की साइंस को आधुनिक रिसर्च से और अधिक सशक्त कर रहा है। देश के बड़े बड़े मेडिकल संस्थान योग पर रिसर्च में जुटे हैं। योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान मिले, यह हमारा प्रयास है।***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास किया। इससे पहले उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने योग को भारतीय ऋषि परम्परा का एक ऐसा यंत्र बताया जो स्वस्थ काया के साथ–साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है।

**योग भारत योग की ऋषि परंपरा का एक ऐसा हम सब के लिए एक मंत्र है जो स्वस्थ्य काया के साथ साथ हमको एक स्वस्थ्य मस्तिष्क भी उपलब्ध करवाता है भारतीय मनीषा ने योग के बारे में प्राचीनकाल से ही इसके महत्व के बारे में हम सभी को वह विस्तृत रूप से अवगत कराया था और वैसे भारतीय मनीषा का ये मानना रहा है की शरीर माध्यम स्थलों धर्म साधनम यानी जितनी भी धर्म के साधन है धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन सबकी प्राप्ती एक स्वस्थ्य शरीर से ही की जा सकती है।**

आज प्रदेश भर में चार हजार से अधिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों के आयोजन किये गये। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के मंत्री तथा देश और प्रदेश के गणमान्य लोग अलग अलग कार्यक्रमों में योगाभ्यास का हिस्सा बने।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने भी आज देशभर में सौ पर्यटक स्थलों और पचास से अधिक सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर योग सत्र आयोजित किया। प्रदेश की विभिन्न चिकित्सा इकाइयों, सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी परिसरों और कई स्वयंसेवी संगठनों की तरफ से योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल बिहार के सिवान से गोरखपुर पाटलिपुत्र वंदे भारत ट्रेन तथा बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच वैशाली देवरिया रेल लाइन परियोजना सहित करीब पांच हजार नौ सौ करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गोरखपुर और पाटलिपुत्र के बीच नई वंदे भारत ट्रेन से बाबा हरिहरनाथ की भूमि बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है।

***सावन शुरू होने से पहले बाबा हरिहरनाथ की धरती वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है।***

इससे पहले प्रधानमंत्री विशेष विमान से कुशीनगर पहुंचे, जहां जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह सिवान रवाना हो गये।

**********

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ–नेफेड जल्दी ही किसानों से सीधी खरीददारी शुरू करेगा जिससे कृषि उत्पादन प्रक्रिया में बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी। वे कल मुम्बई में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेमीनार को सम्बोधित कर रहे थे।

***नाफेड की ऐप पर किसान रजिस्टर्ड करना दे, तो उसकी हंड्रेड प्रसेंट दलहन और मक्का, नाफेड एमएसपी पे खरीद लेगा और अगर बाजार में मूल्य ज्यादा है तो किसान मुक्त है वो बाजार में बेचने के लिए। मक्के का रेट कम है, तो आप दे दीजिए एमएसपी पर, ज्यादा है तो ज्यादा मुनाफा कमाईए और धीरे–धीरे ये सारी चीजों में ये मॉडल ऐप की सफलता को देखते हुए आने वाले दिनों में किसानों से सीधी नाफेड खरीदी करने की शुरूआत करने वाली है।***

श्री शाह ने बताया कि देशभर में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण संस्थाएं स्थापित की जाएंगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आजमगढ़ से सात हजार दो सौ तिरासी करोड़ रुपए की लागत से तैयार लगभग इक्यानवे किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेस–वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालिस में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के क्रम में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस–वे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

***दो हजार सैंतालीस में भारत एक विकसित भारत होगा। उस विकसित भारत के लिए विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों का एक प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।***

इसके पश्चात मुख्यमंत्री लिंक एक्सप्रेस वे के जरिये ही गोरखपुर पहुंचे और वहां भी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बन रहे एक्सप्रेस वे निवेश के आधार हैं।

***सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल भी बना और बेहतरीन माहौल बना तो निवेश भी आता हुआ दिखाई दिया। पचास लाख करोड़ रुपए का इन आठ वर्षों में हमें निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें पंद्रह लाख करोड़ रुपए को अब तक हम लोग जमीनी धरातल पर उतार चुके है और ये निवेश के लिए ही आधार बनाने के लिए एक्सप्रेस वे दिए गए हैं।***

**********

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल बहराइच के कतर्नियाघाट की गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए वैज्ञानिक उपायों को अपनाना होगा।

***सभी से वर्कशॉप करके हमने उन कारणों को जानने की कोशिश करी की हम किस प्रकार से इस क्षेत्र का विकास कर सकते हैं। जानवरों की भी बढ़ती हुई संख्या मनुष्यों की भी बढ़ती हुई संख्या उनकी बच्चियों में टकराव कैसे डाल सकते हैं कौन से साइंटिफिक प्रयोग हम से साइंटिफिक इंटरवेंशन हम कर सकते हैं।***

**********

अकादमिक और अनुसंधान क्षेत्र में साझेदारी के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी ऊना ने कल पारस्परिक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किये । इस एमओयू से संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में दोनों संस्थानों के शिक्षक और छात्र उभरती तकनीक के क्षेत्र में मिल कर काम करेंगे। इससे इंटरडिसिप्लिनरी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मानसून की सक्रियता दिखने लगी है। आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां तैयार हैं। इन परिस्थितियों के चलते अगले एक सप्ताह तक गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहेगा। कुछ स्थानों पर मध्यम तो कुछ पर भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

**********